भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2641**

उत्तर देने की तारीख 19 दिसम्बर, 2023
28 अग्रहायण, 1945 (शक)

## कालाहांडी के खेल कार्यक्रमों को बढ़ावा

**2641. श्री बसंत कुमार पंडा:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत नौ वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान मंत्रालय के अंतर्गत सभी योजनाओं और खेलों को बढ़ावा देने के लिए किसी कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कालाहांडी और नुआपाड़ा जिलों में लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान उक्त जिलों सहित ओडिशा राज्य को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

(क) से (ग): खेल राज्य का विषय होने के कारण देश में खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है। केंद्र सरकार उनके प्रयासों में सहायता करती है। तथापि, यह मंत्रालय देशभर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्कीमों का संचालन करता है। इन स्कीमों में शामिल हैं: (i)खेलो इंडिया-राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता; (iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (v) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; (vi) खेलों में मानव संसाधन विकास स्कीम;(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन। इन स्कीमों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

पिछले 9 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों के तहत जिला कालाहांडी और नुआपाड़ा सहित ओड़िशा राज्य में एथलीटों की संख्या निम्नानुसार है:

| वित्तीय वर्ष | स्कीम | | | |
|---|---|---|---|---|
| | राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) | साई प्रशिक्षण केंद्र | एसटीसी के विस्तार केंद्र | नुआपाड़ा में विशेष रूप से अपनाए गए अखाड़े |
| 2014-15 | 14 | 142 | 46 | 33 |
| 2015-16 | 6 | 181 | 34 | 14 |
| 2016-17 | 5 | 217 | 85 | 26 |
| 2017-18 | 4 | 249 | 89 | 26 |
| 2018-19 | 3 | 242 | 128 | 13 |
| 2019-20 | 82 | 212 | 111 | 3 |
| 2020-21 | 87 | 128 | 85 | 20 |
| 2021-22 | 84 | 125 | 78 | 20 |
| 2022-23 | 76 | 125 | 49 | 20 |
| 2023-24 | 104 | 66 | 49 | 20 |

इसके अलावा, खेलो इंडिया स्कीम के तहत ओडिशा राज्य में एथलीटों का विवरण इस प्रकार है:

| वित्तीय वर्ष | एथलीटों की संख्या |
|---|---|
| 2018-19 | 46 |
| 2019-20 | 53 |
| 2020-21 | 47 |
| 2021-22 | 66 |
| 2022-23 | 57 |
| 2023-24 | 70 |

इस मंत्रालय द्वारा धनराशि स्कीम-वार आवंटित की जाती है, राज्य या जिला-वार नहीं।

*****